R/P/P/S/II/2022

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

913000705

SET A

विषय-हिन्दी
Subject-HINDI
द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक)
Paper II (Optional)
विषय कोड-13
Subject-Code-13

अनुक्रमांक
Roll No. | | | | | | ← परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 15 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय/Time : 2 घण्टे/Hours — पूर्णांक/Total Marks : 200

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. राज्य पात्रता परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं । प्रथम प्रश्न-पत्र (अनिवार्य प्रश्न-पत्र)-सामान्य प्रश्न-पत्र शिक्षण एवं शोध अभिवृत्ति का है । द्वितीय प्रश्न-पत्र परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का है । दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए एक ही संयुक्त ओ.एम.आर. शीट है । परीक्षार्थी को 1 बजे द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक विषय) का दिया जायेगा । परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. शीट के द्वितीय प्रश्न-पत्र के भाग में उनके द्वारा लिये गये ऐच्छिक विषय के कोड को अंकित करना है व प्रश्न पुस्तिका का सेट अंकित करना है । द्वितीय प्रश्न-पत्र की बुकलेट का नम्बर आवश्यक प्रविष्टियों में अंकित करना है । अभ्यर्थी 1:05 पर द्वितीय प्रश्न-पत्र की सील खोलकर उत्तर अंकित करना शुरू करेंगे । द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक विषय) के 100 प्रश्न हैं जिनका क्रम 51 से 150 है । संयुक्त ओ.एम.आर. में अभ्यर्थी द्वितीय प्रश्न-पत्र वाले भाग में द्वितीय प्रश्न-पत्र के उत्तर अंकित करें । गलत क्रम में उत्तर अंकित करने के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगा ।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है ।
4. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या अंकित है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसकी प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग ले ।
5. प्रदत्त उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें ।
6. कृपया उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
7. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. 3:05 बजे परीक्षा समाप्त होने के समय ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. There are two papers in the State Eligibility Test. The first question paper (compulsory question paper) is General Paper on Teaching and Research Aptitude. The second question paper is the subject selected by the candidate. Only one combined OMR sheet will be provided for both the question papers. The Second paper of optional subject will be given to the candidate at 1 p.m. The code of the second question paper subject selected by the candidate should be marked in the OMR Sheet. The booklet number of the second question paper has to be marked in the necessary entries. The candidate can start second question paper at 1:05 p.m. There are 100 questions in the second question paper (optional subject). The squence of these questions is 51 to 150. In a combined O.M.R. Sheet, the candidate should mark the answers of the second question paper in the part of Second Question Paper. The candidate himself will be responsible for marking the answer in the wrong order.
2. All questions are compulsory.
3. All questions carry equal marks. 2 marks will be given for each correct answer. There is no provisions for Negative Marking.
4. On the cover page the number of pages is indicated in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
5. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
6. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
7. Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work in the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
8. Use of any type of calculator, log table etc. is prohibited.
9. Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the OMR Sheet to the Invigilator at the end of the examination at 3:05 p.m.

SEAL

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

51. पालि भाषा तथा अशोक की धर्म-लिपियों का कालक्रम है :

(A) 1500 ई.पू. से 500 ई.पू.

(B) 500 ई.पू. से 1 ई.

(C) 2000 ई.पू. से 1500 ई.पू.

(D) 500 ई.पू. से अब तक

52. जॉर्ज ग्रियर्सन ने आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं को कितने भाषा समुदायों में बाँटा है ?

(A) छ:

(B) सात

(C) चार

(D) आठ

53. नागर अपभ्रंश के व्याकरण के लेखक हैं :

(A) पुष्पदंत

(B) शालिभद्र सूरि

(C) स्वयंभू

(D) हेमचंद्र

54. इनमें से कौनसी ध्वनि अंत:स्थ व्यंजन है ?

(A) घ (B) ष

(C) श (D) र

55. 'खुशबू' में उपसर्ग है :

(A) खु

(B) खुश

(C) उत्

(D) बू

56. 'वाग्युद्ध' में समास है :

(A) कर्म तत्पुरुष

(B) संप्रदान तत्पुरुष

(C) करण तत्पुरुष

(D) संबंध तत्पुरुष

57. इनमें से कौनसा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा होते हुए जातिवाचक संज्ञा के रूप में प्रयुक्त होता है ?

(A) जगन्नाथपुरी

(B) राजा हरिश्चंद्र

(C) पंडितजी

(D) मोटापा

58. 'मोहन का कुछ खो गया है, तभी टार्च से ढूँढ़ रहा है' वाक्य में सर्वनाम का प्रकार है :

(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(B) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(C) निजवाचक सर्वनाम

(D) संबंधवाचक सर्वनाम

59. भाषा रूप के विभिन्न स्तरों पर एकरूपता लाने के कार्य को कहा जाता है :

(A) एकीकरण (B) मानकीकरण

(C) शुद्धीकरण (D) सरलीकरण

60. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 347 में उल्लिखित है :

(A) राजभाषा संबंधी आयोग और समिति

(B) संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा

(C) केंद्र के कर्मचारियों के लिए हिंदी का प्रशिक्षण

(D) किसी राज्य की जनसंख्या के पर्याप्त भाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के संबंध में विशेष उपबंध

61. "आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं । उन्हें चढ़ाकर जैसे कुछ लोगों ने 'गीतगोविन्द' के पदों को आध्यात्मिक संकेत बताया है, वैसे ही विद्यापति के इन पदों को भी ।" उक्त कथन हिन्दी के किस आलोचक का है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) रामविलास शर्मा

(D) नामवर सिंह

62. "इसके साथ ही मनुष्यत्व की सामान्य भावना को आगे करके निम्न श्रेणी की जनता में उन्होंने आत्मगौरव का भाव जगाया और भक्ति के ऊँचे से ऊँचे सोपान की ओर बढ़ने के लिए बढ़ावा दिया ।"

उक्त कथन किस भक्त कवि के संदर्भ में कहा गया है ?

(A) तुलसीदास (B) कबीर

(C) सूरदास (D) जायसी

63. "निगम अगम, साहब सुगम, राम साँचिली चाह ।
अंबु असन अवलोकियत, सुलभ सबहि जग माँह ।।"

उक्त पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) कबीर (B) तुलसीदास

(C) नंददास (D) मीराबाई

64. 'भाषाभूषण' निम्नलिखित में से किस कवि की रचना है ?

(A) चिंतामणि त्रिपाठी

(B) भूषण

(C) महराज जसवंत सिंह

(D) मतिराम

65. ''भू-लोक का गौरव, प्रकृति का पुण्य लीला-स्थल कहाँ ?
फैला मनोहर गिरि हिमालय और गंगाजल जहाँ।
सम्पूर्ण देशों से अधिक किस देश का उत्कर्ष है
उसका कि जो ऋषिभूमि है, वह कौन ? भारतवर्ष है ॥''

उक्त पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं ?

(A) हरिऔध
(B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(D) नाथूराम शर्मा 'शंकर'

66. 'मारेसि मोहिं कुठांव' निबन्ध के लेखक हैं :

(A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(B) जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) बालमुकुंद गुप्त

67. ''यह सच है
बार-बार हार-हार मैं गया,
खोजा जो हार क्षार में नया,
उड़ी धूल, तन सारा भर गया,
नहीं फूल, जीवन अविकच है–
यह सच है !''

उक्त काव्य-पंक्तियाँ के रचनाकार हैं :

(A) मुक्तिबोध
(B) अज्ञेय
(C) महादेवी वर्मा
(D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

68. 'सिंदूर की होली (1934)' नाटक किसकी रचना है ?

(A) हरिकृष्ण प्रेमी
(B) लक्ष्मीनारायण मिश्र
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) द्विजेंद्रलाल राय

69. 'गैंग्रीन' कहानी के लेखक हैं :

(A) विष्णु प्रभाकर
(B) अज्ञेय
(C) भैरव प्रसाद गुप्त
(D) अमृत राय

70. ''मैं उन व्यक्तियों में से हूँ–और ऐसे व्यक्तियों की संख्या शायद दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है–जो भाषा का सम्मान करते हैं और अच्छी भाषा को अपने आप में एक सिद्धि मानते हैं।''

उक्त पंक्तियों के लेखक कौन हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) अज्ञेय
(C) मुक्तिबोध
(D) शमशेर

71. हेमचंद्र द्वारा दिया गया काव्य का लक्षण है :

(A) अदोषौ सगुणौ सालंकारौ च शब्दार्थौ काव्यम्

(B) शब्दार्थौ निर्दोषौ सगुणौ प्राय: सालंकारौ काव्य

(C) काव्यं स्फुरदलंकारं गुणवदोष वर्जितम्

(D) रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम्

72. 'काव्य को आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति' किसने कहा है ?

(A) नगेन्द्र

(B) प्रेमचंद

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

73. 'परा प्रतिभा' के नाम से चिन्मयी शक्ति का विचार-विवेचन किस विद्वान द्वारा किया गया है ?

(A) आचार्य अभिनव गुप्त

(B) आचार्य मम्मट

(C) वाग्भट्ट

(D) राजशेखर

74. भामह ने 'काव्यालंकार' में कितने अलंकारों का विवेचन किया है ?

(A) 70 (B) 65

(C) 38 (D) 48

75. वीभत्स रस के देवता माने जाते हैं :

(A) विष्णु

(B) महाकाल

(C) इंद्र

(D) कालदेव

76. यूरोप में व्यवस्थित काव्य-चिंतन का आरम्भ किससे माना जाता है ?

(A) होमर से

(B) प्लेटो से

(C) अरस्तू से

(D) लोंजाइनस से

77. "काव्य प्रकृति की अनुकृति है पर एकदम नकल न होकर उसका पुन: प्रस्तुतीकरण है।" यह कथन किसका है ?

(A) अरस्तू

(B) प्लेटो

(C) मैथ्यू अर्नाल्ड

(D) लोंजाइनस

78. 'स्वच्छंदतावादी आलोचना का घोषणा-पत्र' किस रचना को माना जाता है ?

(A) चर्च एण्ड स्टेट

(B) प्रिंसिपल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म

(C) प्रिफेस टु लिरिकल बैलेड्स

(D) प्रक्टिकल क्रिटिसिज्म

79. प्रिंसिपल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म' किसकी रचना है ?

(A) क्रोचे

(B) आई.ए. रिचर्ड्स

(C) मैथ्यू अर्नाल्ड

(D) लोंजाइनस

80. नई समीक्षा का जनक माना गया है :

(A) लोंजाइनस

(B) सुकरात

(C) हीगेल

(D) आई.ए. रिचर्ड्स

81. बालकृष्ण भट्ट का उपन्यास है :

(A) धूर्त रसिक लाल

(B) एक अजान सौ सुजान

(C) निस्सहाय हिंदू

(D) सौ अजान एक सुजान

82. 'अब्र' नाम से उर्दू में कविताएँ किसने लिखीं ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(B) मदनमोहन मालवीय

(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

(D) अंबिकादत्त व्यास

83. 'मौर्यविजय' खंडकाव्य के लेखक हैं :

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) शंभु गुप्त

(C) सियारामशरण गुप्त

(D) लक्ष्मणप्रसाद गुप्त

84. 'क्या हिंदी नाम की कोई भाषा ही नहीं' उक्त निबन्ध किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ ?

(A) सरस्वती

(B) हंस

(C) जागरण

(D) कल्याण

85. 'हिंद स्वराज' पुस्तक गांधीजी ने किस भाषा में लिखी थी ?

(A) अंग्रेजी

(B) हिंदी

(C) गुजराती

(D) उर्दू

86. 'यंग इंडिया' का पहला अंक कब प्रकाशित हुआ ?

(A) सन् 1915

(B) सन् 1921

(C) सन् 1922

(D) सन् 1919

87. डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पिता क्या थे ?

(A) मजदूर

(B) सूबेदार

(C) नेता

(D) किसान

88. 'हिंदू बनाम हिंदू' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) वीर सावरकर

(B) महात्मा गाँधी

(C) जवाहर लाल नेहरू

(D) राममनोहर लोहिया

89. उत्तर-आधुनिकता के संबंध में सही नहीं है :

(A) यह ईश्वर की मृत्यु की घोषणा करता है ।

(B) यह विचारधाराओं के अन्त की घोषणा करता है ।

(C) यह केन्द्रवाद को ध्वस्त करता है ।

(D) यह मार्क्सवाद का समर्थन करता है ।

90. इनमें से कौन अस्तित्ववादी दार्शनिक ईश्वर में विश्वास नहीं करता है ?

(A) किर्केगार्ड

(B) कार्ल जास्पर्स

(C) गैब्रियल मार्सल

(D) ज्याँ-पाल सार्त्र

91. भारतेंदु हरिश्चंद्र किस सम्प्रदाय में दीक्षित थे ?

(A) शिव सम्प्रदाय

(B) वल्लभ सम्प्रदाय

(C) लक्ष्मी सम्प्रदाय

(D) कुमार सम्प्रदाय

92. 'सुजानहित' किस कवि के काव्योत्कर्ष का प्रतिमान माना जाता है ?

(A) बिहारी

(B) जायसी

(C) घनानंद

(D) विद्यापति

93. दूसरा सप्तक किस वर्ष प्रकाशित हुआ ?

(A) 1950 (B) 1952

(C) 1958 (D) 1954

94. 'कामायनी' का छठा सर्ग किस शीर्षक से लिखा गया है ?

(A) लज्जा

(B) इड़ा

(C) श्रद्धा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. 'कटी जब नैन की झाईं, लख्यौं तब गगन में सारी'—यह पंक्ति किसके द्वारा रचित है ?

(A) कबीरदास

(B) बिहारी

(C) घनानंद

(D) मीरा

96. 'वाही की चित चटपटी, धरत अटपटे पाइ ।' यह पंक्ति किसके द्वारा रचित है ?

(A) बिहारी (B) घनानंद

(C) जायसी (D) सूरदास

97. "कामायनी साहित्य के रसवादी छायावादी पुराणपंथियों के हाथ में, नवीन प्रगति शक्तियों के विरुद्ध एक अस्त्र बन गई ।" यह कथन किसका है ?

(A) मुक्तिबोध (B) अज्ञेय

(C) धूमिल (D) नागार्जुन

98. 'स्वतंत्र भारत का इस्पाती दस्तावेज' किस काव्य-संग्रह को कहा गया है ?

(A) प्रिय प्रवास

(B) चाँद का मुँह टेढ़ा है

(C) भूल गलती

(D) अँधेरे में

99. "आस्था मानव के युगान्तर से प्राप्त दार्शनिक लक्ष्य पर केन्द्रित रागात्मकता दृष्टि है ।" यह कथन किसका है ?

(A) महादेवी वर्मा (B) पंत

(C) जयशंकर प्रसाद (D) नागार्जुन

100. निम्नलिखित पद्य-पंक्तियाँ किस कवि द्वारा रचित हैं ?

"जीवन की जटिल समस्या
है बढ़ी जटा सी कैसी ।।"

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) निराला

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) मैथिलीशरण गुप्त

101. उन्नीसवीं शताब्दी के मध्यमवर्गीय बनिया समाज के जीवन का यथार्थ चित्रण किस उपन्यास में किया गया है ?

(A) देवरानी-जेठानी की कहानी

(B) रानी केतकी की कहानी

(C) परीक्षागुरु

(D) भाग्यवती

102. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है ?

(A) कहानी

(B) आत्मकथा

(C) जीवनी

(D) उपन्यास

103. निम्नलिखित गाँवों में से 'मैला आँचल' में वर्णित गाँव कौनसा है ?

(A) मेरीगंज

(B) सेमरी

(C) बेलारी

(D) गंगौली

104. 'नत्थू' किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) धरती धन न अपना

(B) तमस

(C) गोदान

(D) जिंदगीनामा

105. निम्नलिखित में से किस उपन्यास में रईस साहूकार मदनमोहन के अंग्रेजी सभ्यता की नकल और अपव्यय की कथा है ?

(A) परीक्षागुरु

(B) मानस का हंस

(C) शेखर : एक जीवनी

(D) भाग्यवती

106. देश विभाजन की त्रासदी किस उपन्यास में वर्णित है ?

(A) झूठा सच

(B) गोदान

(C) मानस का हंस

(D) जिंदगीनामा

107. निम्नलिखित उपन्यासों में से 'ज्ञानो' किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) राग दरबारी

(B) जिंदगीनामा

(C) तमस

(D) धरती धन न अपना

108. गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी को आधार बनाकर लिखा गया उपन्यास है :

(A) खंजन नयन

(B) मानस का हंस

(C) जिंदगीनामा

(D) नाच्यौ बहुत गोपाल

109. दलित जीवन पर आधारित उपन्यास कौनसा है ?

(A) झूठा सच

(B) मैला आँचल

(C) जिंदगीनामा

(D) धरती धन न अपना

110. 'शिवपालगंज' किस उपन्यास से संबंधित है ?

(A) आधा गाँव

(B) राग दरबारी

(C) मैला आँचल

(D) झूठा सच

111. 'दुलाईवाली' कहानी के पात्र वंशीधर कहाँ के रहने वाले थे ?

(A) बनारस

(B) झाँसी

(C) भोपाल

(D) इलाहाबाद

112. हिन्दी की चर्चित कहानी 'राही' का लेखक कौन है ?

(A) उषा प्रियंवदा

(B) मन्नू भण्डारी

(C) कृष्णा सोबती

(D) सुभद्राकुमारी चौहान

113. 'बुद्धगुप्त' कौनसी कहानी का पात्र है ?

(A) पिता

(B) आकाशदीप

(C) परिन्दे

(D) कोसी का घटवार

114. "खुदा के लिए दरवाजा खोलो । मेरे साथ में औरत जात है । गाड़ी निकल जायेगी ।' कौनसी कहानी का संवाद है ?

(A) अमृतसर आ गया है

(B) गैंग्रीन

(C) उसने कहा था

(D) आकाशदीप

115. 'हामिद' ने मेले में से क्या खरीदा ?

(A) पतीली

(B) कड़ाही

(C) चाकू

(D) चिमटा

116. ''हमारे समाज में बड़े-बूढ़े लोग जैसे बहू-बेटियों के निजी जीवन को स्वच्छन्द रहने देने के लिए अपना अधिकांश समय बाहर व्यतीत किया करते हैं ।'' प्रस्तुत अवतरण किस कहानी का है ?

(A) तीसरी कसम

(B) उसने कहा था

(C) पिता

(D) चीफ की दावत

117. ''सजनवा बैरी हो गय हमारो ! सजनवा······!'' फणीश्वरनाथ रेणु की कौनसी कहानी का गीत है ?

(A) पंचलाइट

(B) कपड़घर

(C) कस्बे की लड़की

(D) तीसरी कसम अर्थात् मारे गए गुलफाम

118. ''तेरी कुड़माई हो गयी ?'' प्रस्तुत कथन कौनसी कहानी का संवाद है ?

(A) कफन

(B) परमात्मा का कुत्ता

(C) अपना-अपना भाग्य

(D) उसने कहा था

119. ''कोई बीमार बाप का इलाज नहीं करता ।'' प्रस्तुत कथन कौनसी कहानी में कहा गया है ?

(A) अकेली

(B) गदल

(C) गैंग्रीन

(D) इन्सपेक्टर मातादीन चाँद पर

120. कथाकार निर्मल वर्मा का जन्म कब हुआ ?

(A) सन् 1933 ई.

(B) सन् 1926 ई.

(C) सन् 1931 ई.

(D) सन् 1929 ई.

121. "राम के नाम से दोनों नयन बिनु, सूरदास भये कवि कुलराई ।"
गीत का अंश किस नाटक का है ?
(A) अंधा युग
(B) चंद्रगुप्त
(C) स्कन्दगुप्त
(D) अंधेर नगरी

122. (स्थान—तक्षशिला के गुरुकुल का मठ । चाणक्य और सिंहरण) उक्त स्थान संकेत किस नाटक के प्रथम अंक और प्रथम दृश्य से संबंधित है ?
(A) स्कन्दगुप्त
(B) ध्रुवस्वामिनी
(C) चन्द्रगुप्त
(D) विशाख

123. निम्नलिखित में कौन 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक का पात्र **नहीं** है ?
(A) मंदाकिनी
(B) कोमा
(C) खिंगिल
(D) देवसेना

124. "जो कुछ सुन्दर था, शुभ था, कोमलतम था वह हार गया द्वापर युग बीत गया"
उक्त कथा गायन का संबंध 'अंधायुग' नाटक के किस अंक से है ?
(A) पहला
(B) दूसरा
(C) तीसरा
(D) पाँचवाँ

125. 'सिन्दूर की होली' नाटक की दो स्त्री पात्र हैं :
(A) चन्द्रकला और मनोरमा
(B) मनोरमा और अर्चना
(C) अर्चना और चन्द्रकला
(D) चन्द्रकला और चन्द्रप्रभा

126. "विलोम क्या है ? एक असफल कालिदास। और कालिदास ? एक सफल विलोम ।"
'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में उक्त संवाद किसके द्वारा कहा गया ?
(A) मल्लिका
(B) कालिदास
(C) अम्बिका
(D) विलोम

127. "यह नाटक इब्राहिम अल्काज़ी के साथ इस बातचीत के बाद लिखा गया था कि हिंदी में आम आदमी का समसामयिक नाटक नहीं है।" उक्त गद्यांश का संबंध किस नाटक से है ?

(A) आगरा बाजार

(B) बकरी

(C) आधे-अधूरे

(D) एक और द्रोणाचार्य

128. "धीरे-धीरे अंधकार । अंधकार में बच्चों के रोने की, सिसकने की आवाजें आती हैं । धीरे-धीरे प्रकाश । सात-आठ वर्ष का अश्वत्थामा जमीन पर पांव घिसलाता मचल रहा है ।" उक्त दृश्य परिवर्तन की सूचना किस नाटक की है ?

(A) अंधायुग

(B) एक और द्रोणाचार्य

(C) महाभोज

(D) भारत दुर्दशा

129. निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **असत्य** है ?

(A) स्थान—दिल्ली में अंजली दीदी के बँगले की बैठक और खाने का कमरा

(B) पहला अंक—गर्मियों में एक दिन

(C) दूसरा अंक—बीस वर्ष बाद सर्दियों में एक दिन

(D) तीसरा अंक—पच्चीस वर्ष बाद बरसात का एक दिन

130. "आज सरोहा में घटी छोटी-से-छोटी घटना भी इसी सीट के साथ जोड़कर देखी-परखी जा रही है । वरना और दिन होता तो क्या तो बिसू और क्या बिसू की मौत ।" सूत्रधार का उक्त कथन किस नाटक से लिया गया है ?

(A) बकरी

(B) महाभोज

(C) सिन्दूर की होली

(D) एक और द्रोणाचार्य

131. 'संस्कृति और सौन्दर्य' निबन्ध के लेखक कौन हैं ?

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) विवेकी राय

(D) नामवर सिंह

132. "मैं इनकी आशा-आकांक्षा, उत्साह, साहस, उद्यमता आदि से वैसे ही अनुप्राणित और आविष्ट रहूँगा जैसे चुम्बकीय आकर्षण क्षेत्र में पड़कर साधारण लोहा भी चुम्बक बन जाता है।" किस निबन्ध का अंश है ?

(A) विज्ञान और साहित्य

(B) उत्तराफाल्गुनी के आसपास

(C) नाखून क्यों बढ़ते हैं

(D) कविता क्या है

133. "इनका जीवन बर्फ की पवित्रता से पूर्ण और वन की सुगन्ध से सुगन्धित है। इनके मुख, शरीर और अन्तःकरण सफेद, इनकी बर्फ पर्वत और भेड़ सफेद।" पंक्ति के लेखक का नाम है :

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) पूर्ण सिंह

(D) नामवर सिंह

134. प्रताप नारायण मिश्र के अधिकतर निबन्ध किस पत्र में प्रकाशित हुए ?

(A) प्रताप

(B) ब्राह्मण

(C) सरस्वती

(D) बालबोधिनी

135. 'उठ जाग मुसाफिर' के लेखक हैं :

(A) विवेकी राय

(B) भारतेन्दु

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) रामचन्द्र शुक्ल

136. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबन्धों की विशेषता है :

(A) भाव एवं मनोविकार संबंधी

(B) आलोचना का सैद्धांतिक और व्यावहारिक रूप

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

137. "व्यापक मानवतावादी दृष्टि और गंभीर सांस्कृतिक निष्ठा' किसके निबन्धों की प्रमुख विशेषता है ?

(A) नामवर सिंह

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) विवेकी राय

138. विद्यानिवास मिश्र द्वारा लिखित निबन्ध है :

(A) मजदूरी और प्रेम

(B) उठ जाग मुसाफिर

(C) संस्कृति और सौन्दर्य

(D) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

139. "अमेरिकन, अंग्रेज, फ्रांसीस आदि तुरकी सब सरपट दौड़े जाते हैं । सबके जी में यही है कि पाला हमीं पहले छू लें ।" यह किस निबन्ध का अंश है ?

(A) दिल्ली दरबार दर्पण

(B) शिवशंभु के चिट्ठे

(C) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है ?

(D) उठ जाग मुसाफिर

140. 'शिवशंभु के चिट्ठे' में किसको संबोधित किया गया है ?

(A) लॉर्ड डलहौजी

(B) लॉर्ड कर्जन

(C) महात्मा गांधी

(D) बालगंगाधर तिलक

141. लेखक के अनुसार 'माटी की मूरतें' में क्या चीज है ?

(A) जिंदगी

(B) मृत्यु

(C) गरीबी

(D) घृणा

142. "जब तक इंसान अँधेरी रात न देखे तब तक रोशनी की वकत उसे कैसे मालूम हो ।" उपर्युक्त अंश किस रचना से लिया गया है ?

(A) प्रेमचंद्र घर में

(B) आवारा मसीहा

(C) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(D) माटी की मूरतें

143. 'आपहुदरी' किसकी आत्मकथा है ?

(A) मन्नू भण्डारी

(B) रमणिका गुप्ता

(C) शिवरानी देवी

(D) शिवानी

144. 'भोलाराम का जीव' में पेंशन के लिए रिश्वत के तौर पर बड़े अफसर ने क्या रख लिया था ?

(A) रुपये

(B) गदा

(C) वीणा

(D) बाँसुरी

145. 'जामुन का पेड़' किसकी रचना है ?

(A) हरिशंकर परसाई

(B) कृष्ण चन्दर

(C) विष्णु प्रभाकर

(D) प्रतापनारायण मिश्र

146. "किसी भी शासन के दो प्रमुख अंग होते हैं–सुरक्षा और विधि व्यवस्था । यदि कायस्थों ने हिन्दू शासन की विधि व्यवस्था संभाली होगी—सुरक्षा व्यवस्था क्षत्रिय संभालते होंगे—तो उन्होंने मुस्लिम शासन में भी यह कार्य किया होगा ।" यह किस पुस्तक का अंश है ?

(A) आवारा मसीहा

(B) संस्कृति के चार अध्याय

(C) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(D) एक कहानी यह भी

147. 'मेरी तिब्बत यात्रा' में प्रथम खण्ड कौनसा है ?

(A) ल्हासा से उत्तर की ओर

(B) स-क्य की ओर

(C) नेपाल की ओर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

148. 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक कौन हैं ?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

149. जीवनी लेखन में किन घटनाओं का चयन किया जाता है ?

(A) जिनमें संवेदना की गहराई हो

(B) अनुभवों का शृंखलाबद्ध कलात्मक चयन हो

(C) भावों को आलोड़ित करने की शक्ति हो

(D) उपर्युक्त सभी

150. 'मुर्दहिया' किसकी आत्मकथा है ?

(A) रमणिका गुप्ता

(B) तुलसीराम

(C) मुक्तिबोध

(D) ओमप्रकाश

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

## (SPACE FOR ROUGH WORK)

## रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

SEAL